# उत्तराखंड के हवाई अड्डे जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय होंगे

## चर्चा में क्यों?

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने घोषणा की **कि देहरादून और पंतनगर में हवाई अड्डे जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त करेंगे।**

## मुख्य बिंदु:

- **देहरादून में जॉली ग्रांट और उधम सिंह नगर में पंतनगर राज्य** के लिये महत्त्वपूर्ण हवाई अड्डे हैं।
    - जॉली ग्रांट मसूरी के सुरम्य शहर का प्राथमिक हवाई अड्डा और निकटतम प्रवेश द्वार है।
    - पंतनगर नैनीताल के लिये निकटतम हवाई अड्डा है।
- इस कदम से **कनेक्टिविटी बढ़ने और** पर्यटन **को बढ़ावा मिलने,** राज्य में आर्थिक विकास के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है।
- इसके अलावा, सीएम ने **देहरादून के पास एक नई टाउनशिप** के विकास के लिये एक महत्त्वाकांक्षी दृष्टिकोण का भी खुलासा किया।
- **यह टाउनशिप** देहरादून ज़िले के कालसी **के पास हरिपुर में स्थापित की जाएगी, जो निवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगी।**
- यह विकास **राज्य की बढ़ती आबादी का समर्थन करने के लिये सतत् शहरी बुनियादी ढाँचे के निर्माण के** सरकार के व्यापक एजेंडे के अनुरूप है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-airports-soon-to-be-international